Brainbox learn easy

शब्दार्थ

यंत्र		मशीन

प्रवाह		बहाव

विद्युत		बिजली

सचित		इकळा

तलहटी		समुद्र के नीचे की जमीन

दक्ष		योग्य, कुशल

भविष्य		आनेवाला समय

उपज		फसल

1– पाठ संबंधी प्रश्न

क तुममें और रोबोट में क्या क्या अंतर है?

(क)

मुझमें (मानव)		रोबोट

(क) मानव का शरीर हाड़–माँस का बना होता है।		(क) रोबोट का शरीर लोहा–इस्पात तथा प्लास्टिक से बना होता है।

(ख) शिराओं और धमनियों का जाल बिछा हुआ है।		(ख) रोबोट में तारों का जाल विद्यमान होता है।

(ग) मानव की शिराओं तथा धमनियों में रक्त प्रवाहित होता है।		(ग) रोबोट के तारों में विद्युत प्रवाहित होती है।

(घ) मानव हर तरह के कार्यों को करने में सक्षम नहीं है। (घ) रोबोट हर तरह के कार्यों को करने में सक्षम है।

(ङ) मानव मौसम की मार को झेल नहीं सकता। (ङ) रोबोट को मौसम की मार से कोई नुकसान नहीं होता है।

(च) मानव गंध का अनुभव कर सकता है।		(च) रोबोट गंध का अनुभव नहीं कर सकता है।

ख – अगर तुम्हें रोबोट से कुछ काम करवाना हो तो क्या करोगे?

(ख) अगर मुझे रोबोट से कुछ काम करवाना हो तो मैं उससे अपने कमरे की सफाई करवाऊँगा। अपने कपड़े धुलवाऊँगा। उसे पूरे घर की सफाई करने के लिए भी कहूँगा ताकि मेरी माताजी की कुछ मदद हो सके।

2– सही मिलान करो

क तुम्हारे शरीर में चाँद पर पहुँचा है।

ख मनुष्य अपनी बुद्धि के बल से शिराओं और धमनियों का जाल बिछा हुआ है।

ग रोबोट का मस्तिष्क लोहा–इस्पात और प्लास्टिक का बना है।

घ रोबोट का शरीर विषैले और विषम वातावरण में काम कर सकता है।

ङ रोबोट कंप्यूटर है।

उत्तर –

क तुम्हारे शरीर में शिराओं और धमनियों का जाल बिछा हुआ है।

ख मनुष्य अपनी बुद्धि के बल से चाँद पर पहुँचा है।

ग रोबोट का मस्तिष्क कंप्यूटर है।

घ रोबोट का शरीर लोहा–इस्पात और प्लास्टिक का बना है।

ङ रोबोट विषैले और विषम वातावरण में काम कर सकता है।

Brainbox learn easy

3– सोचो और जवाब दो

क अगर रोबोट की आँखे मा हाथ न होते तो वह कौन–कौन से काम नहीं कर पाता?

(क) अगर रोबोट की आँखें या हाथ नहीं होते तो वह निम्नलिखित काम नहीं कर पाता–

1. वह कुछ देख नहीं पाता।
2. वह हमें कुछ लाकर नहीं दे पाता।
3. वह हमारे लिए घर की सफाई नहीं कर पाता।
4. वह चीजों को जान तथा समझ नहीं पाता।

ख रोबोट से कौन कौन से काम कर सकता है जो मनुष्य नहीं कर सकता?

(ख) ऐसे निम्नलिखित काम हैं, जो मनुष्य नहीं कर सकता परन्तु रोबोट कर सकता है–

1. रोबोट निर्भीकतापूर्वक ग्रहों से सैम्पल इकट्ठा कर पाता है। मनुष्य ऐसा नहीं कर पाता है।

2. रोबोट सुमद्र की गहराईयों तथा तलहटी में उतर पाता है। मनुष्य ऐसा नहीं कर पाता है।

3. रोबोट बर्फीले स्थानों पर बिना किसी कठिनाई के कार्य कर सकता है। मनुष्य को ऐसा करने में बहुत प्रकार की कठिनाइयाँ होती है।

4. रोबोट सुलगती भट्टी में हाथ डाल सकता है। मनुष्य ऐसा नहीं कर पता है।

ग– रोबोट से कौन–कौन से काम नहीं कर सकता जो मनुष्य कर सकता है?

(ग) रोबोट निम्नलिखित काम नहीं कर सकता जो मनुष्य कर सकता है–

1. रोबोट सुंघ नहीं सकता है।

2. रोबोट स्पर्श नहीं कर सकता है।

3. रोबोट मनुष्य के समान सुख–दुख का अनुभव नहीं कर सकता है।

4. रोबोट मनुष्य के समान किसी वस्तु का निर्माण नहीं कर सकता।

Brainbox learn easy

4– आओ कुछ और करें

रोबोट कई आकार प्रकार के होते हैं जैसे– गड़ीनुमा, मशीननुमा आदि। पत्रिकाओं और समाचार–पत्रों से उनके चि= और मनपसंद लेख काटकर अपनी कॉपी में चिपकाओ। ज:रत हो तो कंप्यूटर/इंटरनेट की भी मदद लो।

5– नमूने के अनुसार लिखो

नमूना (सजीव–निजीव)

क सम–

ख गरमी–

ग गंदा–

घ कम–

ङ जीवन–

च हाजिर–

उत्तर –

क	सम	विषम
ख	गरमी	सरदी
ग	गंदा	साफ
घ	कम	ज्यादा
ङ	जीवन	मरण
च	हाजिर	गैरहाजिर

सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो

(क) मेरा शरीर हाड़–माँस का नहीं बल्कि लोहा–इस्पात और प्लास्टिक का बना है। (बल्कि / या)

(ख) वेणु सातवीं कक्षा में पढ़ता है .... उसकी बहन आठवीं कक्षा में पढ़ती है। (और / फिर)

(ग) पहले खाना खा लो .... पढ़ना। (लेकिन / फिर)

(घ) तुम्हें घूमना पसंद है .... खेलना? (किंतु / या)

(ङ) मैं तैरना चाहता हूँ .... मुझे तैरना नहीं आता। (लेकिन / और)

(च) छाता लेकर जाओ .... भीग जाओगे। (फिर / वरना)

Brainbox learn easy

उत्तर –

(क) मेरा शरीर हाड़–माँस का नहीं बल्कि लोहा–इस्पात और प्लास्टिक का बना है। (बल्कि / या)

(ख) वेणु सातवीं कक्षा में पढ़ता है और उसकी बहन आठवीं कक्षा में पढ़ती है। (और / फिर)

(ग) पहले खाना खा लो फिर पढ़ना। (लेकिन / फिर)

(घ) तुम्हें घूमना पसंद है या खेलना? (किंतु / या)

(ङ) मैं तैरना चाहता हूँ लेकिन मुझे तैरना नहीं आता। (लेकिन / और)

(च) छाता लेकर जाओ वरना भीग जाओगे। (फिर / वरना)

पढ़ो और समझो

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़ो और रेखांकित शब्दों की ओर ध्यान दो। तुम जानते हो कि ये शब्द 'मैं' शब्द के विभिन्न रूप हैं। 'मैं' शब्द सर्वनाम है और ये सभी शब्द भी सर्वनाम हैं।

इसी प्रकार 'वह' (लड़का अथवा लड़की) तथा 'तुम' सर्वनामों के विभिन्न रूपों से पाँच–पाँच वाक्य बनाओ।

वह यंत्र मानव नहीं है। तुम यंत्र मानव हो।

मैं एक यंत्र मानव हूँ। आम भाषा में लोग मुझे रोबोट कहते हैं।

मेरा शरीर हाड़–माँस का नहीं है।

मेरी भी टाँग, भुजा और अँगुलियाँ हैं।

लेकिन मेरे ये सभी अँग धातुओं से बने हैं।

उत्तर –

वह के रूप–

वे सब घर आ रहे हैं।

तुम के विभिन्न रूप–

तुम्हें घर जाना है। जल्दी करो वरना तुम्हारी माताजी नाराज होगीं। तुम्हारा बैग छूट गया है। तुमसे जल्दी चला नहीं जा रहा है। तुमको मेरे कारण मार खानी पड़ेगी। तुमने मेरी बात अच्छी तरह से सुनी नहीं है।

Brainbox learn easy